# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 23 जून, 2022** **थाना सिकन्द्राबाद**

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी कर एटीएम मशीन से रूपये निकानले वाले 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से ठगी किये गये 1,12,800 रूपये, 35 एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल, एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 22/23.06.2022 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी कि तभी अभिसूचना प्राप्त हुई कि एटीएम बदलकर उनका पासवर्ड देखकर एटीएम मशीन से पैसा निकलने वाले गिरोह के 03 अभियुक्त जिनके द्वारा सिकन्द्राबाद में भी कई घटनाओ को अन्जाम दिया गया है और गिरोह लगातार अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर आस-पास एवं दूरदराज के जनपदो में एवं एटीएम बदलकर पैसा निकलने को घटनाओ को अन्जाम दे रहे है, गाड़ी में सवार होकर कोई घटना करने के इरादे से घूम रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम गुलावठी तिराहे पर बैरियर लगाकर तत्परता से सघन चेकिग करने लगी कि कुछ देर बाद बस स्टैण्ड के गेट के पास एक गाडो आकर रूकी है जिसमें तीन अभियुक्तगण सवार थे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गाडो में सवार तीनो अभियुक्तों को समय रात्रि करीब 09.45 बजे नकदी, काफी मात्रा में एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल फोन एवं गाडी सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. परवेज आलम पुत्र तहसीन खाँ निवासी ग्राम रसूलपुर थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर। हाल पता-साबिर का मकान बंसल सिनेमा वाली गली थाना सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर।
2. यूनुस पुत्र दीवान खाँ निवासो ग्राम शाहपुर कला थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।
3. अंकुर उर्फ सागर पुत्र सतपाल चौधरी निवासी ग्राम भवौकरा थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी-**

1- 1,12,800/- रूपये नकद (विभिन्न घटनाओं से संबंधित)
2- 35 एटीएम कार्ड अलग-अलग बैको के, एक कार्ड स्वैप मशीन
3- एक स्विफ्ट डिजायर कार डीएल-5सीएफ-5032 (घटना मे प्रयुक्त)
4- 03 मोबाइल फोन सैमसंग (कीमत करीब 90,000)

गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि अपने अन्य साथी देवेन्द्र निवासी ग्रेटर नोएडा एवं उसके अन्य दो साथियों के साथ मिलकर लोगो के एटीएम बदलकर धोखाधडी कर एटीएम मशीन से कैश निकालने की कई घटनाये की है।

**अभियुक्तों द्वारा की गयी घटनाओं में से सिकन्द्राबाद क्षेत्र में घटित 03 घटनाओं का अनावरण हुआ है-**

- अभियुक्तों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 12.06.2022 को दनकौर रोड़ स्थित एचडीएफसी बैक के एटीएम से 90,000 रूपये निकालने की घटना की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-542/2022 धारा 420/379 भादवि पंजीकृत है।
- इसके अतिरिक्त दिनांक 19.05.2022 को कस्बा सिन्द्राबाद एचडीएफसी बैंक के एटीएम 94,000 रूपये निकालने की घटना की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-481/2022 धारा 420/379 भादवि पंजीकृत है।
- इसके अतिरिक्त दिनांक 19.04.2022 को दनकौर रोड पर स्थित पंजाब नैशनल बैंक के एटीएम से कार्ड बदलकर 54,000 रूपये निकालने की घटना की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद

मुअसं-373/2022 धारा 420/379 भदावि पंजीकृत है। **उपरोक्त बरामद सभी रूपये तीनों घटनाओं से संबंधित है।**

अभियुक्तों द्वारा बताया गया किया उपरोक्त घटनाओं के अलावा भी हमने आस-पास व अन्य जनपदो मे घटनायें की है उसमे जो पैसे मिले है वह हमने खर्च कर दिये तथा यह जो मोबाइल मेरे पास से मिला है वह भी इन्ही घटनाओ के रूपये से खरीदा था। बरामद कार्ड स्वैप मशीन के बारे मे पूछा तो अभियुक्त अंकुर ने बताया कि बीटैक पास हूँ। इसो कार्ड स्वेप मशीन के माध्यम से एटीएम कार्ड को स्वेप करके पैसे ट्रान्सफर कर लता हूँ।

अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनो ने अपने साथी देवेन्द्र निवासी गटर नोएडा व उसके दो अन्य साथियों के साथ मिलकर धोलपुर, ग्वालियर, कानपुर, लोनी, मुरैना, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, रूदपुर, हरिद्वार, खटीमा, नैनीताल, हल्द्वानी, दिल्ली आदि स्थानो पर जाकर एटीएम बदलकर उनका पासवर्ड देखकर उनके खातो से पैस निकालने की घटनायें की है एवं शोपिग की है। हमारा साथी देवेन्द्र ज्यादातर अपनी आई-20 कार से आता है जो उसने इन्ही घटनाओ से कमाये पैसो से खरीदी है। बरामद स्विफ्ट डिजायर कार के बारे मे पूछा गया तो अंकुर ने बताया कि यह कार परवेज को है जो इसने किसी से सैकेंड हैंड खरीदी है तथा हम इसी गाडो को घटना के समय प्रयोग करते है।

**अभियुक्त शातिर किस्म के चोर है जिनके विरूद्ध विभिन्न जनपदों/थानों पर निम्न अभियोग पंजीकृत है-**

**अभियुक्त परवेज आलम का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं-373/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
2. मुअसं-481/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
3. मुअसं-542/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
4. मुअसं-574/22 धारा 414 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।

**अभियुक्त यूनुस का आपराधिक इतिहास-**

1. मअसं-150/18 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलंदशहर।
2. मुअसं-169/18 धारा 379/420 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलंदशहर।
3. मुअसं-313/18 धारा 379/420 भादवि थाना कोतवाली नगर बुद्नशहर,
4. मुअसं-332/18 धारा 379/420/120बी भादवि थाना कातवाली नगर जनपद बुलंदशहर।
5. मुअसं-593/18 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलंदशहर।
6. मुअसं-428/19 धारा 379/420 भादवि थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर,
7. मुअसं-373/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
8. मुअसं-481/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
9. मुअसं-542/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
10. मुअसं-574/22 धारा 414 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।

**अभियुक्त अंकुर उर्फ सागर का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं-348/16 धारा 392 भादवि थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं-367/16 धारा 25 शस्त्र अधि0 थाना खुजनगर जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं-1261/19 धारा 420 भादवि थाना दादरी गौतमबुद्धनगर।
4. मुअसं-1334/19 धारा 420 भादवि थाना दादरी जनपद गौतमबुदनगर।
5. मुअसं-266/19 धारा 420 भादवि थाना नॉलेज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।
6. मुअसं-355/19 धारा 420 भादवि थाना नॉलेज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।
7. मुअसं-428/19 धारा 379/411/420 भादवि थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर।
8. मुअसं-1666/19 धारा 420 भादवि थाना सूरजपुर गातमबुद्धनगर।
9. मुअसं-440/21 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर।

10. मुअसं-373/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
11. मुअसं-481/22 धारा 379/420/411 भादवि याना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
12. मुअसं-542/22 धारा 379/420/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।
13. मुअसं-574/22 धारा 414 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2. व0उ0नि0 पटनीश कुमार, उ0नि0 धर्मेन्द्र यादव
3. है0का0 अशोक कुमार, है0का0 आलोक कुमार, का0 राजकुमार, का0 राहुल त्यागी, का0 शीतल देव, का0 रमन यादव, का0 विपिन कुमार।















**मीडिया सैल बुलन्दशहर**